भारत सरकार
मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय
पशुपालन और डेयरी विभाग
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या- 3902
दिनांक 21 दिसम्बर, 2021 के लिए प्रश्न

राष्ट्रीय गोकुल मिशन के अंतर्गत वीर्य केंद्र

3902. डॉ. राजश्री मल्लिक:

क्या **मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने राष्ट्रीय गोकुल मिशन के तहत ओडिशा राज्य में दूसरा वीर्य केंद्र स्वीकृत करने पर विचार किया है;

(ख) यदि हां, तो ओडिशा राज्य सरकार द्वारा प्रस्तावित 2750.75 लाख रुपये की राशि कब तक स्वीकृत की जाएगी; और

(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर
मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री
(श्री परशोत्तम रूपाला)

(क) से (ग) ओडिशा राज्य सरकार का एक वीर्य केंद्र कटक में स्थित है, जिसे राष्ट्रीय गोकुल मिशन और राष्ट्रीय डेयरी योजना-I के तहत भारत सरकार द्वारा 12.84 करोड़ रुपये के आवंटन के साथ सुदृढ़ीकरण के लिए समर्थित किया गया है। वीर्य केंद्र में वीर्य की 12-15 लाख खुराकों की वार्षिक उत्पादन क्षमता है और औसत वार्षिक उत्पादन लगभग 10-11 लाख खुराक है। पशुपालन और डेयरी विभाग की केंद्रीय निगरानी इकाई द्वारा वीर्य केंद्र को "ए" के रूप में वर्गीकृत किया गया है। वर्तमान में राज्य प्रतिवर्ष लगभग 15 लाख कृत्रिम गर्भाधान करवा रहा है। वर्ष 2021-2022 से वर्ष 2025-2026 के लिए आरजीएम के संशोधित दिशानिर्देशों के अनुसार योजना के तहत नए वीर्य केंद्र की स्थापना का कोई प्रावधान नहीं है। हालांकि, राज्य वीर्य उत्पादन की क्षमता और गुणवत्ता बढ़ाने के लिए मौजूदा वीर्य केंद्र के सुदृढ़ीकरण और आधुनिकीकरण का कार्य कर सकता है।

****